# CENTURY CEMENT COLLEGE

## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

(Internal Quality Assurance Cell)

Date:10/01/2026

**NOTICE**

**राष्ट्रीय युवा दिवस– 2026**

सभी छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में **राष्ट्रीय युवा दिवस** (स्वामी विवेकानंद जयंती) के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

**कार्यक्रम विवरण**

- **दिनांक:** 12-01-2026
- **समय:** प्रातः 10 बजे से
- **विषय:** *'युवा शक्ति और राष्ट्र निर्माण"*
- **कार्यक्रम प्रभारी:** *डॉ. सिद्धार्थ मिश्रा*

कार्यक्रम में व्याख्यान, विचार-गोष्ठी, भाषण एवं प्रेरणादायी गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। सभी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति अनिवार्य है।

IQAC

Principal

Class Notice :-

B.Com – Final Year

B.Com – I st sem

B.C.A. – final Year

B.C.A – I st sem –

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)
(Internal Quality Assurance Cell)

Date:12/01/2026

कार्यक्रम रिपोर्ट

कार्यक्रम: राष्ट्रीय युवा दिवस
दिनांक: 12-01-2026
स्थान: सेंचुरी सीमेंट कॉलेज (Hall)

दिनांक 12-01-2026 दिन सोमवार को हमारे महाविद्यालय में **राष्ट्रीय युवा दिवस** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ।

मुख्य अतिथि ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों—आत्मविश्वास, अनुशासन, राष्ट्रसेवा और चरित्र निर्माण—पर प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं से अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।
कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, प्रेरणादायी विचार-सत्र एवं समूह चर्चा आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और स्वामी विवेकानंद जी के संदेशों से प्रेरणा प्राप्त की।

कार्यक्रम मे अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार के रुप मे पेन वित्रित किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। समग्र रुप से यह आयोजन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी रहा।

Program Incharge | IQAC | Principal

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)
(Internal Quality Assurance Cell)

**Activity/ Event Photographs**

**राष्ट्रीय युवा दिवस (दिनांक: 12-01-2026)**








Program Incharge | IQAC | Principal

# CENTURY CEMENT COLLEGE

## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

(Internal Quality Assurance Cell)

दिनांक: 14/01/2026

### सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण/अशिक्षण स्टाफ सदस्यों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय परिसर में **BSNL मोबाइल सिम कार्ड का निःशुल्क वितरण कार्यक्रम** आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम **BSNL के अधिकृत प्रतिनिधि/एजेंट** द्वारा संपन्न किया जाएगा।

**कार्यक्रम विवरण:**

- **कार्यक्रम / गतिविधि का नाम:** निःशुल्क BSNL मोबाइल सिम वितरण कार्यक्रम
- **कार्यक्रम की तिथि:** 15 जनवरी 2026 (गुरुवार)
- **समय:** प्रातः 11:00 बजे से
- **स्थान:** सेंचुरी सीमेंट कॉलेज परिसर, बैकुंठ
- **आयोजक:** सेंचुरी सीमेंट कॉलेज, बैकुंठ (IQAC)
- **कार्यक्रम प्रभारी: कु. हर्षा वर्मा (सहायक प्राध्यापक)**
- **संसाधन व्यक्ति:** BSNL के अधिकृत प्रतिनिधि / एजेंट

**निःशुल्क सुविधाएँ**

1. **1 माह तक प्रतिदिन 2GB डेटा**
2. **1 माह तक निःशुल्क इनकमिंग एवं आउटगोइंग कॉल**

**आवश्यक निर्देश**

- सिम प्राप्त करने हेतु **आधार कार्ड की सॉफ्ट कॉपी (मोबाइल में) अथवा हार्ड कॉपी अनिवार्य** है।
- बिना आधार कार्ड के सिम वितरण नहीं किया जाएगा।

सभी इच्छुक छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों से अनुरोध है कि समय पर उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ लें।

IQAC

प्राचार्य

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)
(Internal Quality Assurance Cell)

**प्रोग्राम रिपोर्ट:**
**निःशुल्क BSNL मोबाइल सिम वितरण**

**कार्यक्रम / गतिविधि विवरण**

**कार्यक्रम / गतिविधि का नाम:** निःशुल्क BSNL मोबाइल सिम वितरण कार्यक्रम
**कार्यक्रम दिनांक** : 15 जनवरी 2026। **समय:** प्रातः 11:00 बजे से (कॉलेज परिसर)
**आयोजक** : सेंचुरी सीमेंट कॉलेज, बैकुंठ, *(IQAC के अंतर्गत)*
**संसाधन व्यक्ति** : BSNL के अधिकृत प्रतिनिधि / एजेंट
**कार्यक्रम प्रभारी** : कु. हर्षा वर्मा (सहायक प्राध्यापक)
**लाभार्थी** : महाविद्यालय के छात्र-छात्राएँ एवं सभी स्टाफ।

**कार्यक्रम का उद्देश्य**

- विद्यार्थियों एवं स्टाफ को डिजिटल संचार सुविधा उपलब्ध कराना
- ऑनलाइन शिक्षण, ई-लर्निंग एवं प्रशासनिक कार्यों को सशक्त बनाना
- डिजिटल इंडिया पहल को प्रोत्साहित करना
- कम लागत में विश्वसनीय मोबाइल एवं इंटरनेट सेवा प्रदान करना

**कार्यक्रम का विवरण**

- दिनांक 15 जनवरी 2026 को सेंचुरी सीमेंट कॉलेज, बैकुंठ में BSNL के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निःशुल्क मोबाइल सिम वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को BSNL सिम कार्ड वितरित किए गए।
- प्रत्येक सिम के साथ 1 माह तक प्रतिदिन 2GB डेटा तथा 1 माह तक निःशुल्क इनकमिंग एवं आउटगोइंग कॉल की सुविधा प्रदान की गई। सिम वितरण से पूर्व लाभार्थियों का आधार कार्ड के माध्यम से सत्यापन किया गया। कार्यक्रम व्यवस्थित, शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

**कार्यक्रम / गतिविधि के परिणाम**

- विद्यार्थियों एवं स्टाफ को डिजिटल संसाधनों तक बेहतर पहुँच प्राप्त हुई
- ऑनलाइन अध्ययन, ई-गवर्नेंस एवं संचार में सुविधा हुई
- महाविद्यालय की ICT आधारित छात्र-सुविधाएँ सुदृढ़ हुईं
- डिजिटल सशक्तिकरण एवं समावेशन को बढ़ावा मिला

**प्रतिभागियों की संख्या**

- कुल प्रतिभागी: 45=33+12 (विद्यार्थी + स्टाफ)

**समन्वय / व्यवस्था टीम**

- कार्यक्रम प्रभारी – कु. हर्षा वर्मा
- IQAC समिति सदस्य और स्टूडेंट सपोर्ट सेल
- BSNL प्रतिनिधि टीम

**निष्कर्ष**

यह कार्यक्रम IQAC के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण **छात्र एवं स्टाफ सुविधा आधारित गतिविधि** के रूप में सफल रहा। इस प्रकार की पहल महाविद्यालय के शैक्षणिक, तकनीकी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करती हैं।

| Program Incharge | IQAC | Principal |
|---|---|---|
| Harsh | Kamlesh Dhiwar | [signature] |

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)
(Internal Quality Assurance Cell)

### Activity/Event Photographs
### नि:शुल्क BSNL मोबाइल सिम वितरण (दिनांक: 15-01-2026)










Program Incharge | IQAC | Principal

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)
(Internal Quality Assurance Cell)

**दिनांक: 15/01/2026**

**सूचना**

महाविद्यालय के समस्त शिक्षण एवं अशिक्षण स्टाफ सदस्यों को सूचित किया जाता है कि **महाविद्यालय की पेरेंट ऑर्गेनाइजेशन अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बैकुंठ** की महिला समिति **'स्वयं सिद्धा लेडीज क्लब"** द्वारा **'आनंद मेला – अपना मड़ई (परंपरा, परिवार और उत्सव)"** का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त आयोजन में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों को सहभागिता हेतु आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम **सामाजिक सहभागिता, सांस्कृतिक संवर्धन एवं महिला सशक्तिकरण** को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। अतः सहयोग और सहभागिता चुनिश्चित करें।

**कार्यक्रम / गतिविधि विवरण:**

- **कार्यक्रम / गतिविधि का नाम:** आनंद मेला – *अपना मड़ई (परंपरा, परिवार और उत्सव)*
- **आयोजक संस्था:** स्वयं सिद्धा लेडीज क्लब (अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बैकुंठ)
- **सहभागी संस्था:** सेंचुरी सीमेंट कॉलेज, बैकुंठ
- **कार्यक्रम की तिथि:** 17 जनवरी 2026 । **समय:** सायं 06:00 बजे से
- **स्थान:** महाराजा गार्डन, स्टाफ कॉलोनी, बैकुंठ सीमेंट वर्क्स, बैकुंठ
- **लाभार्थी / सहभागी:** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बैकुंठ के सभी विभागों के समस्त स्टाफ (सपरिवार)
- **कार्यक्रम प्रभारी:** कु. अपेक्षा बिसेन

इस सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में सुविधानुसार सपरिवार सामील हो कर कार्यक्रम मे अपनी भूमिका निभाएं।

Apeksha — Kamlesh Dhiwar

**Program Incharge** | **IQAC** | **प्राचार्य**

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)
(Internal Quality Assurance Cell)

दिनांक: 19/01/2026

### कार्यक्रम रिपोर्ट
### (सहभागिता आधारित गतिविधि)

**1. कार्यक्रम / गतिविधि का नाम:** आनंद मेला – *अपना मड़ई (परंपरा, परिवार और उत्सव)*

**2. कार्यक्रम की प्रकृति:** सामाजिक–सांस्कृतिक सहभागिता आधारित गतिविधि

**3. आयोजन संस्था:** स्वयं सिद्धा लेडीज क्लब, (अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बैकुंठ)

**4. सहभागी संस्था:** सेंचुरी सीमेंट कॉलेज, बैकुंठ

**5. दिनांक एवं समय:** 17 जनवरी (शनिवार) 2026। **समय:** सायं 06:00 बजे से 11 रात्री तक

**6. आयोजन स्थल:** महाराजा गार्डन, बैकुंठ सीमेंट वर्क्स

**7. सहभागी (Beneficiaries):** अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बैकुंठ के सभी विभागों के समस्त-स्टाफ (सपरिवार)

**8. कार्यक्रम का उद्देश्य:**

- पेरेंट ऑर्गेनाइजेशन एवं महाविद्यालय के मध्य **संस्थागत समन्वय** को सुदृढ़ करना
- सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में महाविद्यालय की सहभागिता सुनिश्चित करना
- **महिला सशक्तिकरण, पारिवारिक मूल्यों एवं सांस्कृतिक परंपराओं** को प्रोत्साहन देना
- कार्यस्थल–समुदाय सहभागिता (Community Engagement) को बढ़ावा देना

**9. कार्यक्रम का विवरण:**

स्वयं सिद्धा लेडीज क्लब, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बैकुंठ द्वारा आयोजित **'आनंद मेला–अपना मड़ई: परंपरा, परिवार और उत्सव"** में सेंचुरी सीमेंट कॉलेज के स्टाफ सदस्यों ने आमंत्रण के अनुरूप सहभागिता की। कार्यक्रम में पारंपरिक वातावरण, पारिवारिक मनोरंजन, सांस्कृतिक गतिविधियाँ, खेल, नृत्य, स्वादिष्ट व्यंजन एवं लकी ड्रॉ जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गई। इस कार्यक्रम मे अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बैकुंठ के सभी विभागों के स्टाफ सपरिवार उपस्थित रहे। महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक अलग-अलग गतिविधिओं मे सामील हो कर कार्यक्रम का आनंद उठाएँ।

**10. कार्यक्रम / गतिविधि के परिणाम (Outcomes):**

- महाविद्यालय एवं पेरेंट ऑर्गेनाइजेशन के मध्य **सकारात्मक संस्थागत संबंध** सुदृढ़ हुए
- सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ी
- स्टाफ सदस्यों में आपसी सौहार्द एवं सहभागिता की भावना विकसित हुई
- NAAC के अंतर्गत **Extension एवं Gender-related Activity** के रूप में योगदान

**11. सहभागियों की संख्या**

कुल सहभागी (कॉलेज स्टाफ परिवार सहित): 22

**12. समन्वय टीम:** श्रीमति नसीमा बानो, कु. हर्षा वर्मा, कु. अपेक्षा बिसेन

**13. निष्कर्ष**

यह सहभागिता आधारित गतिविधि महाविद्यालय के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं संस्थागत दृष्टि से अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई। इस प्रकार के कार्यक्रम NAAC के मानकों के अनुरूप महाविद्यालय की **समुदाय सहभागिता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व** को सशक्त करते हैं।

Apexa | Karlesh Bhiwg

Program Incharge | IQAC | Principal

# CENTURY CEMENT COLLEGE


## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

(Internal Quality Assurance Cell)

**Activity/ Event Photographs**

आनंद मेला–अपना मड़ई: परंपरा, परिवार और उत्सव (दिनांक: 17-01-2026)






Program Incharge

IQAC

Principal

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)
(Internal Quality Assurance Cell)


**Activity/ Event Photographs**

आनंद मेला–अपना मड़ई: परंपरा, परिवार और उत्सव (दिनांक: 17-01-2026)











Program Incharge IQAC Principal

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)
(Internal Quality Assurance Cell)

**Activity/Event Photographs**

आनंद मेला–अपना मड़ई: परंपरा, परिवार और उत्सव (दिनांक: 17-01-2026)







Apexa
Program Incharge

Kamlesh Dhiwar
IQAC

Principal

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)
(Internal Quality Assurance Cell)

दिनांक: 21/01/2026

**सूचना**
**गणतंत्र दिवस पेंटिंग प्रतियोगिता**

महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बैकुंठ सीमेंट वर्क्स, बैकुंठ** द्वारा **गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पेंटिंग (पोस्टर) प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, संवैधानिक मूल्यों एवं रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है।

**कार्यक्रम / गतिविधि विवरण:**

- कार्यक्रम / गतिविधि का नाम: Republic Day Painting Competition
- आयोजक संस्था: UltraTech Cement Ltd., Baikunth Cement Works, Baikunth
- सहभागी संस्था: सेंचुरी सीमेंट कॉलेज, बैकुंठ
- कार्यक्रम की तिथि: 24 जनवरी 2026
- समय: प्रातः 10:00 बजे
- स्थान: ABPS स्कूल, बैकुंठ
- विषय (Theme): *'स्वतंत्रता से गणतंत्र तक भारत की यात्रा"*
- लाभार्थी / सहभागी: महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं
- **कार्यक्रम प्रभारी: डॉ. पुरनेन्द्र वर्मा**

**आवश्यक निर्देश:**

- प्रतिभागियों को पेंटिंग हेतु अपने रंग एवं सामग्री स्वयं लानी होगी।
- ड्राइंग शीट आयोजन स्थल पर उपलब्ध कराई जाएगी।

इच्छुक छात्र-छात्राएं समय पर उपस्थित होकर प्रतियोगिता में अपना सहभागिता सुनिश्चित करें।

**Program Incharge** **IQAC** **प्राचार्य**

फ़ैकल्टि-स्टाफ सूचना/क्लास सूचना/ व्हाट्सएप ग्रुप:

BCA-1 year BCA-II year BCA-III year

B.Com.-1 year B.Com.-II year B.Com-III year

PGDCA

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)
(Internal Quality Assurance Cell)

11. कार्यक्रम / गतिविधि के परिणाम (Outcomes):
- विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना एवं देशभक्ति की भावना प्रबल हुई
- रचनात्मक एवं कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहन मिला
- महाविद्यालय एवं पेरेंट ऑर्गेनाइजेशन के मध्य सकारात्मक समन्वय सुदृढ़ हुआ
- NAAC के अंतर्गत Cultural Activity एवं Student Participation के रूप में महत्वपूर्ण योगदान

12. सहभागियों की संख्या: 13

13. समन्वय / व्यवस्था टीम: कु. अपेक्षा बिसेन, कु. हर्षा वर्मा,

14. निष्कर्ष:

Republic Day Painting Competition विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, राष्ट्रीय मूल्यों के संवर्धन एवं संस्थागत सहभागिता की दृष्टि से अत्यंत सफल रही। इस प्रकार की गतिविधियाँ NAAC मानकों के अनुरूप महाविद्यालय की सांस्कृतिक एवं सामाजिक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती हैं।

Program Incharge | IQAC | Principal

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)
(Internal Quality Assurance Cell)

दिनांक: 27/01/2026

**कार्यक्रम रिपोर्ट**

*(सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति आधारित गतिविधि)*

| | |
|---|---|
| 1. कार्यक्रम / गतिविधि का नाम: | Republic Day Painting Competition |
| 2. कार्यक्रम की प्रकृति: | सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं राष्ट्रभक्ति आधारित प्रतियोगिता |
| 3. आयोजन संस्था: | UTCL, Baikunth Cement Works, Baikunth |
| 4. सहभागी संस्था: | सेंचुरी सीमेंट कॉलेज, बैकुंठ |
| 5. दिनांक एवं समय: | 24 जनवरी 2026 (शनिवार), प्रातः 10:00 बजे से |
| 6. आयोजन स्थल: | ABPS स्कूल, बैकुंठ |
| 7. सहभागी (Beneficiaries): | सेंचुरी सीमेंट कॉलेज, बैकुंठ के छात्र-छात्राएं |

8. कार्यक्रम का उद्देश्य:

- विद्यार्थियों में देशभक्ति एवं संवैधानिक चेतना का विकास करना
- स्वतंत्रता संग्राम से गणतंत्र स्थापना तक की यात्रा को रचनात्मक रूप में अभिव्यक्त करना
- विद्यार्थियों की कला प्रतिभा एवं सृजनात्मक सोच को मंच प्रदान करना

9. कार्यक्रम का विवरण:

अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बैकुंठ सीमेंट वर्क्स द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस पेंटिंग प्रतियोगिता में सेंचुरी सीमेंट कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता का विषय *'स्वतंत्रता से गणतंत्र तक भारत की यात्रा"* रहा, जिस पर विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक सोच एवं देशभक्ति भावनाओं को रंगों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। सभी प्रतिभागियों द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करते हुए उत्कृष्ट चित्रांकन किया गया।

10. परिणाम / विजेता विवरण:

पोस्टर (पेंटिंग) प्रतियोगिता में निम्नलिखित विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया—

- प्रथम पुरस्कार: सूरज गोंड, BCA तृतीय वर्ष
- द्वितीय पुरस्कार: वंदना यादव, B.Com. तृतीय वर्ष
- तृतीय पुरस्कार: साक्षी वर्मा, B.Com. द्वितीय वर्ष

उक्त विजेताओं को अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बैकुंठ द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह (26 जनवरी 2026) में विधिवत पुरस्कार प्रदान किए गए।

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)
(Internal Quality Assurance Cell)

**Activity/ Event Photographs**

Republic Day Painting Competition (दिनांक: 24-01-2026)















Program Incharge

IQAC

Principal

# CENTURY CEMENT COLLEGE

## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

(Internal Quality Assurance Cell)

दिनांक: 21/01/2026

**बसंत पंचमी कार्यक्रम – सूचना**

महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय में बसंत पंचमी पर्व के पावन अवसर पर माँ सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भारतीय सांस्कृतिक परंपरा, ज्ञान, विद्या एवं कला के संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

सभी समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

कार्यक्रम / गतिविधि विवरण:

- कार्यक्रम / गतिविधि का नाम: बसंत पंचमी उत्सव (माँ सरस्वती पूजन)
- कार्यक्रम की प्रकृति: सांस्कृतिक गतिविधि
- कार्यक्रम की तिथि: 23 जनवरी 2026
- समय: प्रातः 10:00 बजे से
- स्थान: महाविद्यालय परिसर, बैकुंठ
- लाभार्थी / सहभागी: समस्त छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ सदस्य
- **कार्यक्रम प्रभारी: कु. अपेक्षा बिसेन (सहा. प्राध्यापक)**

Apeksha — Kamlesh Dhiwar

**Program Incharge** **IQAC** **प्राचार्य**

फ़ैकल्टि-स्टाफ सूचना/क्लास सूचना/ व्हाट्सएप ग्रुप:

BCA-1 year BCA-II year BCA-III year

B.Com.-1 year B.Com.-II year B.Com.-III year

PGDCA

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)
(Internal Quality Assurance Cell)

### Activity/Event Photographs
बसंत पंचमी कार्यक्रम (दिनांक: 23-01-2026)









Program Incharge　　　IQAC　　　Principal

# CENTURY CEMENT COLLEGE

## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

(Internal Quality Assurance Cell)

**कार्यक्रम सूचना**

दिनांक 18/02/2026

महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विद्यार्थियों की **तार्किक क्षमता, रणनीतिक सोच, विश्लेषणात्मक कौशल, एकाग्रता एवं निर्णय दक्षता** के विकास के उद्देश्य से महाविद्यालय में **शतरंज (चेस) प्रतियोगिता** का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को अपनी **बौद्धिक क्षमता, मानसिक संतुलन एवं प्रतिस्पर्धात्मक कौशल** प्रदर्शित करने हेतु एक सशक्त मंच प्रदान करेगी। प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना नाम **किसी भी प्राध्यापक अथवा कार्यक्रम प्रभारी** के पास निर्धारित तिथि तक दर्ज करा सकते हैं।

**कार्यक्रम / गतिविधि विवरण**

- **कार्यक्रम / गतिविधि का नाम** : शतरंज (चेस) प्रतियोगिता
- **कार्यक्रम की प्रकृति** : कौशल विकास एवं बौद्धिक क्षमता संवर्धन आधारित प्रतियोगिता
- **दिनांक** : **21/02/2026, दिन: शनिवार ( 11:00 AM )**
- **कार्यक्रम प्रभारी** : **डॉ. पूर्णेंद्र वर्मा**

| | | |
|---|---|---|
| **Program Incharge** | **IQAC** | **Principal** |

फ़ैकल्टि-स्टाफ सूचना/क्लास सूचना/ व्हाट्सएप ग्रुप:

| | | | |
|---|---|---|---|
| BCA-1 year | BCA-2 year | BCA-3 year | PGDCA |
| B.Com.-1 year | B.Com.-2 year | B.Com.-3 year | |

# CENTURY CEMENT COLLEGE

## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

(Internal Quality Assurance Cell)

दिनांक: 21/02/2026

कार्यक्रम रिपोर्ट

शतरंज (चेस) प्रतियोगिता

महाविद्यालय में IQAC द्वारा विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, रणनीतिक सोच, विश्लेषणात्मक कौशल, एकाग्रता एवं निर्णय दक्षता के विकास के उद्देश्य से शतरंज (चेस) प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

- कार्यक्रम / गतिविधि का नाम: शतरंज (चेस) प्रतियोगिता
- कार्यक्रम की प्रकृति: कौशल विकास एवं बौद्धिक क्षमता संवर्धन आधारित प्रतियोगिता
- दिनांक: 21 फरवरी 2026, दिन: शनिवार, • समय: प्रातः 11:00 बजे
- स्थान: (हाल) महाविद्यालय परिसर
- लाभार्थी / सहभागी: महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं
- कार्यक्रम प्रभारी: डॉ. पूर्णेंद्र वर्मा
- कार्यक्रम व्यवस्था: डॉ. कमलेश धीवर, श्री नरेश देवांगन

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण:**

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट रणनीतिक सोच, धैर्य एवं मानसिक एकाग्रता का प्रदर्शन किया। आयोजन पूर्णतः अनुशासित एवं प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण में संपन्न हुआ।

**परिणाम (Winners):**

| Sr. | Name of Students/Participants | Class | Position/Winer |
|---|---|---|---|
| 1 | Yash Verma | B.Com.-2nd year | 1st |
| 2 | Aman Verma | B.Com.-2nd year | 2nd |
| 3 | Suraj Gond | BCA-3rd year | -- |
| 4 | Sarfaraz Khan | B.Com.-1st year | -- |
| 5 | Yashwant Dhruw | B.Com.-1st year | -- |
| 6 | Prasant Verma | B.Com.-2nd year | -- |
| 7 | Yogendra Yadav | BCA-1st year | -- |
| 8 | Kishor | BCA-1st year | -- |

**कार्यक्रम / गतिविधि के परिणाम (Outcomes):**

- विद्यार्थियों की बौद्धिक एवं तार्किक क्षमताओं का संवर्धन
- निर्णय कौशल एवं रणनीतिक सोच में सकारात्मक विकास
- विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास
- NAAC मानकों के अनुरूप **Student Skill Enhancement Activity** के रूप में योगदान

**निष्कर्ष:**

शतरंज (चेस) प्रतियोगिता विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं मानसिक दक्षता के संवर्धन हेतु अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई। इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

| Program Incharge | IQAC | Principa |
|---|---|---|

# CENTURY CEMENT COLLEGE

## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

(Internal Quality Assurance Cell)

Activity/Event Photographs

शतरंज (चेस) प्रतियोगिता (दिनांक: 21-02-2026)






Program Incharge

Kamlesh Shilwer
IQAC

Principal

# CENTURY CEMENT COLLEGE

## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

(Internal Quality Assurance Cell)

दिनांक: 25/02/2026

### कार्यशाला सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विद्यार्थियों की **तार्किक क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच, समस्या समाधान कौशल, एकाग्रता एवं मानसिक दक्षता** के विकास के उद्देश्य से महाविद्यालय में **'सुडोकू कार्यशाला (SUDOKU Workshop)"** आयोजित की जा रही है।

यह कार्यशाला विद्यार्थियों को तार्किक तर्कशक्ति, मानसिक सक्रियता एवं निर्णय क्षमता के विकास हेतु एक प्रभावी एवं उपयोगी मंच प्रदान करेगी।

**कार्यशाला / कार्यक्रम विवरण:**

- **कार्यशाला का नाम:** सुडोकू कार्यशाला (SUDOKU Workshop)
- **कार्यक्रम की प्रकृति:** कौशल विकास एवं बौद्धिक क्षमता संवर्धन आधारित कार्यशाला
- **दिनांक:** 28-02-2026 (दिन शनिवार), **समय:** 11.00 AM
- **स्थान:** हाल (कॉलेज परिसर)
- **लक्षित सहभागी:** महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं
- **विषय विशेषज्ञ:** श्री नरेश देवांगन
- **कार्यक्रम प्रभारी:** कु. हर्षा वर्मा, कु. अपेक्षा बिसेन

Apeksha
**Program Incharge**

Kamlesh Dhiwar
**IQAC**

**Principal**

फ़ैकल्टि-स्टाफ सूचना/क्लास सूचना/ व्हाट्सएप ग्रुप:

| | | | |
|---|---|---|---|
| BCA-1 year | BCA-2 year | BCA-3 year | PGDCA |
| B.Com.-1 year | B.Com.-2 year | B.Com.-3 year | |

# CENTURY CEMENT COLLEGE

## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

(Internal Quality Assurance Cell)

**कार्यक्रम रिपोर्ट**

**सुडोकू कार्यशाला (SUDOKU Workshop)**

**दिनांक: 28/02/2026**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच, समस्या समाधान कौशल, एकाग्रता एवं मानसिक दक्षता के विकास के उद्देश्य से दिनांक 28 फरवरी 2026 (शनिवार) प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय के हाल (कॉलेज परिसर) में 'सुडोकू कार्यशाला (SUDOKU Workshop)" का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

**1. कार्यक्रम / गतिविधि विवरण**

- **कार्यशाला का नाम:** सुडोकू कार्यशाला (SUDOKU Workshop)
- **कार्यक्रम की प्रकृति:** कौशल विकास एवं बौद्धिक क्षमता संवर्धन आधारित कार्यशाला
- **दिनांक:** 28-02-2026 (शनिवार) • **समय:** 11:00 AM
- **स्थान:** हाल (कॉलेज परिसर)
- **लक्षित सहभागी:** महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं
- **विषय विशेषज्ञ:** श्री नरेश देवांगन • **कार्यक्रम प्रभारी:** कु. हर्षा वर्मा, कु. अपेक्षा बिसेन

**2. कार्यक्रम का उद्देश्य**

- विद्यार्थियों की तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच को विकसित करना
- समस्या समाधान एवं निर्णय क्षमता को सुदृढ़ करना
- एकाग्रता एवं मानसिक सक्रियता को बढ़ावा देना
- बौद्धिक प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण का निर्माण करना
- NAAC मानकों के अनुरुप **Student Skill Enhancement Activity** को सशक्त करना

**3. कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण**

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ **श्री नरेश देवांगन** द्वारा सुडोकू की मूल संरचना, नियम, समाधान की तकनीक एवं तार्किक रणनीतियों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को सरल से जटिल स्तर तक के सुडोकू प्रश्नों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता प्रदर्शित की। प्रश्नों के समाधान में विद्यार्थियों की एकाग्रता, तार्किक क्षमता एवं त्वरित निर्णय कौशल स्पष्ट रुप से परिलक्षित हुआ।

**4. कार्यक्रम / गतिविधि के परिणाम (Outcomes)**

- विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक एवं तार्किक क्षमता में सकारात्मक वृद्धि
- समस्या समाधान कौशल एवं निर्णय दक्षता का विकास
- मानसिक एकाग्रता एवं धैर्य में सुधार
- विद्यार्थियों में बौद्धिक गतिविधियों के प्रति रुचि में वृद्धि
- NAAC के अंतर्गत Skill Enhancement एवं Holistic Development में योगदान

**5. सहभागियों की संख्या: 40**

**6. निष्कर्ष**

सुडोकू कार्यशाला विद्यार्थियों के बौद्धिक एवं मानसिक विकास की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी एवं सफल रही। इस प्रकार की गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा NAAC मानकों के अनुरुप संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता को सुदृढ़ करती हैं।

Harsha Apeksha Kamlesh Dhiwar

**Program Incharge** | **IQAC** | **Principal**

# CENTURY CEMENT COLLEGE

## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

(Internal Quality Assurance Cell)

**Activity/Event Photographs**

**सुडोकू कार्यशाला (दिनांक: 28/02/2026)**








Program Incharge

IQAC

Principal

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

Internal Quality Assurance Cell

दिनांक: 05/03/2026

**प्रतियोगिता सूचना**
**सुडोकू प्रतियोगिता (SUDOKU Competition)**

महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि विद्यार्थियों की **तार्किक क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच, समस्या समाधान कौशल, एकाग्रता एवं मानसिक दक्षता** के विकास के उद्देश्य से महाविद्यालय में **'सुडोकू प्रतियोगिता (SUDOKU Competition)"** का आयोजन किया जा रहा है।

इच्छुक छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता हेतु अपना नाम **किसी भी प्राध्यापक अथवा कार्यक्रम प्रभारी** के पास दर्ज करा सकते हैं।

**प्रतियोगिता विवरण**

- **कार्यक्रम / प्रतियोगिता का नाम:** सुडोकू प्रतियोगिता (SUDOKU Competition)
- **कार्यक्रम की प्रकृति:** बौद्धिक एवं कौशल विकास आधारित प्रतियोगिता
- **दिनांक:** 07/03/2026
- **समय:** प्रातः 11:00 बजे
- **स्थान:** हाल (कॉलेज परिसर)
- **लक्षित सहभागी:** महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं
- **कार्यक्रम प्रभारी:** श्री नरेश देवांगन, कु. हर्षा वर्मा, कु. अपेक्षा बिसेन

Kamlesh Shiwar

**Program Incharge** | **IQAC** | **Principal**

फ़ैकल्टि-स्टाफ सूचना/क्लास सूचना/ व्हाट्सएप ग्रुप:

BCA-1 year | BCA-2 year Apeksha | BCA-3 year | PGDCA

B.Com.-1 year | B.Com.-2 year Apeksha | B.Com.-3 year

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

दिनांक: 09/03/2026

**कार्यक्रम रिपोर्ट**

**सुडोकू प्रतियोगिता (SUDOKU Competition)**

**कार्यक्रम / प्रतियोगिता विवरण:**

- कार्यक्रम / प्रतियोगिता का नाम: सुडोकू प्रतियोगिता (SUDOKU Competition)
- कार्यक्रम की प्रकृति: बौद्धिक एवं कौशल विकास आधारित प्रतियोगिता
- दिनांक: 07/03/2026
- समय: प्रातः 11:00 बजे
- स्थान: हाल (कॉलेज परिसर)
- लक्षित सहभागी: महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं
- कार्यक्रम प्रभारी/टीम: श्री नरेश देवांगन, कु. हर्षा वर्मा, कु. अपेक्षा बिसेन

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच, समस्या समाधान कौशल एवं एकाग्रता के विकास के उद्देश्य से दिनांक 07 मार्च 2026 को प्रातः 11:00 बजे महाविद्यालय के हाल (कॉलेज परिसर) में सुडोकू प्रतियोगिता (SUDOKU Competition) का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, निर्णय कौशल तथा स्वस्थ बौद्धिक प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा निर्धारित समय में सुडोकू प्रश्नों को हल करते हुए अपनी तार्किक सोच एवं समस्या समाधान क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह गतिविधि NAAC मानकों के अनुरूप Student Skill Enhancement Activity के रूप में भी महत्वपूर्ण रही।

**प्रतियोगिता परिणाम: (कुल प्रतिभागी 30)**

**फाइनल राउंड (विजेता)**

प्रथम स्थान: मेघा वर्मा – B.Com. I वर्ष

द्वितीय स्थान: अमित वर्मा – BCA II वर्ष

**सेमीफाइनल राउंड**

1. दागेश्वरी – B.Com. I वर्ष
2. पूर्णिमा मानिकपुरी – BCA II वर्ष
3. मेघा वर्मा – BCA II वर्ष
4. निशा पाल – B.Com. I वर्ष
5. ओमान धीवर – BCA II वर्ष
6. यशवंत ध्रुव – B.Com. I वर्ष

सुडोकू प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों की तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता में वृद्धि हुई तथा उनके समस्या समाधान एवं निर्णय कौशल का विकास हुआ। इस गतिविधि से विद्यार्थियों में एकाग्रता, मानसिक सक्रियता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक भावना को भी प्रोत्साहन मिला और बौद्धिक गतिविधियों के प्रति उनकी रुचि बढ़ी। इस प्रकार यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए उपयोगी सिद्ध हुई तथा NAAC मानकों के अनुरूप Student Skill Enhancement एवं Holistic Development को सुदृढ़ करने में सहायक रही।

Kamlesh Dhiwar


| Program Incharge | IQAC | Principal |
|---|---|---|

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

Activity/ Event Photographs

सुडोकू कार्यशाला (दिनांक: 07/03/202)








Program Incharge

IQAC

Principal

(1)

# Century Cement College, Baikunth

## SUDOKU Competition

**Date- 07/03/2026** **Day- Saturday**

**Final Round**

**Name-** Megha Verma

**Class-** B. Com Ist

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 9 | 7 | 3 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 2 | 3 | 9 | 7 | 4 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 9 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 | 3 | 6 | 9 |

(2)

# Century Cement College, Baikunth

## SUDOKU Competition

**Date- 07/03/2026** **Day- Saturday**

### Final Round

**Name-** Amit Kumar Verma

**Class-** BCA IV Sem.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 9 | 7 | 3 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 6 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 4 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 2 | 3 | 9 | 7 | 4 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 5 | 1 | 6 | 9 | 8 | 3 | 4 | 2 | 7 |
| 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 | 3 | 6 | 9 |

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

Internal Quality Assurance Cell

दिनांक: 09/03/2026

कार्यक्रम रिपोर्ट

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह – 2026

*(International Women's Day Celebration – 2026)*

**दिनांक: 08 मार्च 2026**

**आयोजन स्थल: स्टाफ क्लब, अल्ट्राटेक प्लांट, बैकुंठ**

**परिचय**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 08 मार्च 2026 को सेंचुरी सीमेंट कॉलेज, बैकुंठ की पैरेंट ऑर्गेनाइजेशन अल्ट्राटेक प्लांट, बैकुंठ द्वारा महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्लांट के अंतर्गत आने वाले विभिन्न संस्थानों की महिला कर्मचारियों के योगदान को सम्मानित करना तथा महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में अल्ट्राटेक प्लांट, सेंचुरी सीमेंट कॉलेज, सेंचुरी सीमेंट स्कूल एवं आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल, बैकुंठ की महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

**कार्यक्रम के उद्देश्य**

- महिला कर्मचारियों के योगदान एवं उपलब्धियों को सम्मानित करना।
- कार्यस्थल पर लैंगिक समानता एवं सम्मानजनक वातावरण को प्रोत्साहित करना।
- महिलाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देना।
- विभिन्न संस्थानों के मध्य सामाजिक एवं संस्थागत समन्वय को सुदृढ़ करना।

**सेंचुरी सीमेंट कॉलेज से सहभागी**

1. कु. अपेक्षा बिसेन – सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी)
2. कु. हर्षा वर्मा – सहायक प्राध्यापक (कंप्यूटर साइंस)

**परिणाम / निष्कर्ष**

इस कार्यक्रम से महिला सशक्तिकरण एवं लैंगिक समानता के प्रति जागरूकता में वृद्धि हुई तथा विभिन्न संस्थानों की महिला कर्मचारियों के मध्य सकारात्मक संवाद, सहयोग एवं आत्मविश्वास को प्रोत्साहन मिला। यह गतिविधि NAAC के अंतर्गत Gender Sensitization एवं Extension Activity के रूप में भी महत्वपूर्ण रही।

**Activity/Event Photographs (दिनांक: 08/03/2026)**





Program Incharge | IQAC | Principal

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

### Internal Quality Assurance Cell

दिनांक: 28/04/2026

### कार्यक्रम सूचना
## अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस

सूचित किया जाता है कि अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस (International Labour Day) 01 मई 2026 को मनाया जाता है, किन्तु इस दिनांक को शासकीय अवकाश होने के कारण कार्यक्रम आयोजित 30 अप्रैल 2026 को किया जाना प्रस्तावित है।

**कार्यक्रम का विवरण:**

| **कार्यक्रम का नाम** | **अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस** |
|---|---|
| दिनांक | 30 अप्रैल 2026 |
| स्थान | प्राचार्य कक्ष |
| समय | प्रातः 10:00 बजे से |
| मुख्य गतिविधियाँ | श्रमिक सम्मान |

सभी शैक्षिणीक और अशैक्षिणीक कर्मचारीयों से अनुरोध है कि कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं।

**Program Incharge** **IQAC** **Principal**

# CENTURY CEMENT COLLEGE
## Baikunth, Dist.- Raipur (C.G.)

Internal Quality Assurance Cell

दिनांक: 30/04/2026

कार्यक्रम रिपोर्ट
अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस – 2026

**अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस – 2026**
**स्थान:** प्राचार्य कक्ष, महाविद्यालय परिसर

दिनांक 30 अप्रैल 2026 को महाविद्यालय में **अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस** बड़े उत्साह एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य, शिक्षकगण और कर्मचारीयों की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों के योगदान को सम्मान देना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना था।

कार्यक्रम मे महाविद्यालय के सहायक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित प्रमुख गतिविधियाँ:

- श्रमिक सम्मान समारोह
- जागरूकता एवं विचार-विमर्श
- श्रमिक अधिकारों पर चर्चा

Activity/Event Photographs (दिनांक: 30/04/2026)







Program Incharge

IQAC

Principal